
# कोर्स रिपोर्ट

## ''साइबर क्राइम अवेयरनेस प्रोग्राम फॉर पुलिस ऑफिसर''

Date 29-03-2022 to 31-03-2022 Course No. 38, Under CCPWC Project

राजस्थान पुलिस अकादमी, जयपुर में प्रशिक्षण निदेशालय, राजस्थान, जयपुर के निर्देशानुसार मिनिस्ट्री ऑफ हॉम अफेयर्स द्वारा प्रायोजित सीसीपीडब्ल्यूसी स्कीम के तहत ''साइबर क्राइम अवेयरनेस प्रोग्राम फॉर पुलिस ऑफिसर'' विषय पर दिनांक 29-03-2022 से 31-03-2022 तक 3 दिवसीय कोर्स आयोजित किया गया।




मुझ कोर्स निदेशक संदीप सारस्वत,उप अधीक्षक पुलिस,आरपीए तथा सहायक कोर्स निदेशक श्री यतीन्द्र कुमार, पुलिस निरीक्षक, आरपीए द्वारा कोर्स का सफल आयोजन करवाया गया। इस कोर्स में राजस्थान के विभिन्न जिलों से कुल **25** प्रतिभागियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई, जिसमें 03 पुलिस निरीक्षक व 22 उप-निरीक्षक रैंक के अधिकारी शामिल हुए।

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ श्री भुपेन्द्र यादव, सहायक निदेशक (प्रशासन), आरपीए जयपुर द्वारा किया गया। श्रीमान द्वारा उदबोधन में साइबर क्राइम के बढते अपराधों तथा उनके रोकथाम व जागरूकता के संबंध में जानकारी दी गयी। प्रशिक्षण पूर्व सभी प्रतिभागियों का रजिस्ट्रेशन किया गया। साथ ही प्री कोर्स मूल्यांकन परीक्षा ली गयी।

प्रशिक्षण के प्रथम सत्र का आरंभ श्री मनोज रमन,जूनियर साइबर फोरेन्सिक कन्सलटेंट, द्वारा कम्पयूटर हार्डवेयर व अन्य इलेक्ट्रोनिक उपकरणों के साथ-साथ कम्प्यूटर हार्ड डिस्क, मदर बोर्ड व अन्य कम्प्यूटर उपकरणों तथा इन्टरनेट एवं मोबाईल टेक्नोलॉजी के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की गयी। बाद दोपहर श्री सोनू सिंह ,साइबर प्रशिक्षक द्वारा सोशल मीडिया जैसे वॉटसएप, फेसबुक, इंस्टाग्राम आदि के बारे में जानकारी प्रदान कर उनको उपयोग में लेकर हैण्डसऑन भी करवाया गया।

प्रशिक्षण के दूसरे दिवस प्रथम व द्वितीय सत्र में सभी प्रतिभागियों को एफ.एस.एल. जयपुर में ले जाया गया, जहां पर श्री विश्वाश भारद्वाज द्वारा कम्पयूटर हार्डवेयर व अन्य इलेक्ट्रोनिक उपकरणों के साथ-साथ इन्टरनेट एवं मोबाईल टेक्नोलॉजी व फॉरेसिंक टूल्स के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की गयी व सिमूलेशन एक्सरसाईज करवायी गयी। बाद दोपहर श्री शेखर सिंह,बैकिंग एक्सपर्ट द्वारा ऑनलाईन कैशलेस ट्रॉजेक्सन के बारे मे जानकारी प्रदान कर डेबिट व क्रेडिट कार्ड, ई-वॉलेट, भीम एप, पेटीएम व एटीएम आदि के बारे में

हैण्डसऑन सैशन की जानाकारी दी गयी  व पीड़ितों की काउंसलिंग व एडवाइजरी के संबंध में बताया गया, साथ ही कुछ उल्लेखनीय साइबर क्राईम केसेज के अनुसंधान का अध्ययन करवाया गया।

अंतिम दिवस को प्रथम सत्र श्री यतीन्द्र  कुमार पुलिस निरीक्षक, राजस्थान पुलिस अकादमी, जयपुर द्वारा लिया गया,जिसमें आईटी एक्ट व आईपीसी के बारें में जानकारी प्रदान की गयी। इसके बाद द्वितीय सत्र में श्री परमेन्द्र सिंह, पुलिस उप अधीक्षक द्वारा साइबर क्राइम एफआईआर व रिपोर्ट में शामिल किये जाने वाले महत्वपूर्ण तथ्यों की जानकारी दी गयी साथ ही थानों में साइबर क्राइम एफआईआर के अनुसंधान हेतु पुलिस एप्स के साथ-साथ थानों में आवश्यक साइबर क्राइम अनुसंधान टूल्स के बारे में जानकारी प्रदान की गयी।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतिम दिवस दिनांक 31-03-2022 को प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल समस्त प्रतिभागियों से समग्र कोर्स का मूल्यांकन प्रपत्र भरवाया जाकर प्रशिक्षणोपरान्त सभी की पोस्ट प्रशिक्षण मूल्यांकन परीक्षा भी ली गयी। सभी प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षणोपरान्त एक पेन ड्राईव में प्रशिक्षण के दौरान पढाया गया तथा एमएचए द्वारा उपल्बध करवाया गया प्रशिक्षण अध्ययन सामग्री उपलब्ध करवायी गयी। कोर्स का समापन-समारोह अकादमी स्थित, सीसीपीडब्ल्यूसी लैब में किया गया, जिसके मुख्य अतिथि श्री रेवन्त दान, सहायक निदेशक (इन्डोर ) , आरपीए द्वारा समापन उद्बोधन व प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र व ग्रुप फोटो प्रदान किये गये। प्रशिक्षण कार्यक्रम के अन्त में मुझ कोर्स निदेशक द्वारा मुख्य अतिथि व कोर्स के संचालन में सहभागियों एवं प्रतिभागियों का धन्यवाद ज्ञापित कर कोर्स समाप्ति की घोषणा की गई।

भवदीय,

(संदीप सारस्वत)
उप अधीक्षक पुलिस एवं
कोर्स निदेशक,(CCPWC)
आर.पी.ए. जयपुर

## "साइबर क्राइम अवेयरनेस प्रोग्राम फॉर पुलिस ऑफिसर"

Date 29-03-2022 to 31-03-2022 Course No. 38, Under CCPWC Project

**List of participant that are eligible for advance course**

| SN | Name Participant | Designation | District | Obtain Mark Pre | Obtain Mark Post | Remark |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Sh. Satish Chand | Inspector | Jaipur Commissionerate | 19 | 19 | Equal |
| 2 | Sh. Gopichand | Sub Inspector | Jaipur West | 10 | 11 | Increase |
| 3 | Sh. Ajay Singh | Sub Inspector | Jaipur North | 13 | 14 | Increase |
| 4 | Sh. Deepak Kumar Meghwal | Sub Inspector | Banswara | 15 | 15 | Equal |
| 5 | Sh. Davender Soni | Sub Inspector | Bikaner | 18 | 17 | Decrease |
| 6 | Sh. Rajendra Singh | Sub Inspector | Churu | 19 | 19 | Equal |
| 7 | Sh. Dhara Singh | Sub Inspector | Bharatpur | 14 | 18 | Increase |
| 8 | Sh. Rajpal Singh | Sub Inspector | Baran | 11 | 15 | Increase |
| 9 | Sh. Deeplal | Sub Inspector | Jodhpur West | 12 | 12 | Equal |
| 10 | Sh. Suresh Chand | Sub Inspector | Dholpur | 9 | 13 | Increase |
| 11 | Sh. Prem Dan | Inspector | Jaisalmer | 13 | 18 | Increase |
| 12 | Sh. Navel Kishor Sharma | Sub Inspector | Kota City | 12 | 11 | Decrease |
| 13 | Sh. Narendra Singh Bhati | Sub Inspector | Pratapgarh | 18 | 18 | Equal |
| 14 | Sh. Mohan Lal | Sub Inspector | Dungarpur | 8 | 8 | Equal |
| 15 | Sh. Mukesh Kumar | Sub Inspector | Jaipur East | 13 | 14 | Increase |
| 16 | Sh. Mahavir Prasad | Sub Inspector | Bundi | 5 | 6 | Increase |
| 17 | Sh. Banwari Lal | Sub Inspector | Nagaur | 9 | 14 | Increase |
| 18 | Smt. Bimala Budaniya | Sub Inspector | Sikar | 19 | 19 | Equal |
| 19 | Smt. Nirmla Kanwar | Sub Inspector | Jalore | 18 | 18 | Equal |
| 20 | Sh. Babu Singh | Sub Inspector | Sri Ganganagar | 20 | 16 | Decrease |
| 21 | Smt. Suman Meena | Sub Inspector | Jodhpur Commissionerate | 11 | 16 | Increase |
| 22 | Smt. Parmeshwari | Sub Inspector | Jodhpur Commissionerate | 16 | 18 | Increase |
| 23 | Sh. Kamru Deen | Sub Inspector | Pali | 7 | 6 | Decrease |
| 24 | Sh. Rajendra Khandelwal | Inspector | Tonk | 20 | 14 | Decrease |
| 25 | Sh. Ravindra Kumar | Sub Inspector | Jaipur Rural | 19 | 16 | Decrease |

(संदीप सारस्वत)
उप अधीक्षक पुलिस एवं
कोर्स निदेशक,(CCPWC)
आर.पी.ए. जयपुर